# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह का छठा दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न

दिनांक  20 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के छठे दिवस के अवसर पर गम्भीरनाथ गार्डन में योग मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर डॉ. वैसाख आर, श्री चन्द्रजीत यादव एवं श्री जयंत गंगवार उपस्थित रहे। डॉ. वैसाख ने योग एवं विभिन्न आसनों के शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए नियमित योगाभ्यास के महत्व को बताया।

